पुस्तकें महंगे दामों पर बेचने वाले दो स्कूलों को नोटिस

निजी स्कूलों की मनमानी पर कलेक्टर सख्त

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 9 जुलाई। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने निजी विद्यालयों की मनमानी पर सख्त रुख अपनाते हुए दो स्कूलों अशासकीय स्कोलर पब्लिक स्कूल बायपास रोड और अशासकीय डीपीएस स्कूल इटावा रोड भिंड के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित नियमों का विनियमन) अधिनियम 2017 के नियमों के उल्लंघन को लेकर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 8 जुलाई 2025 को पालकों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ताओं भोला सिंह परिहार छात्रा अदिति परिहार, कक्षा 5 एवं विजय छात्र कौशल जाटव, कक्षा 6 ने बताया कि उनके बच्चों की पुस्तकें स्कूल संचालकों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बेची जा रही हैं। शिकायत में बताया गया कि कक्षा 5 की पुस्तकें 2980 रुपए एवं कक्षा 6 की पुस्तकें 2290 रुपए में दी गईं, जबकि ये दरें कलेक्टर द्वारा पूर्व में निर्धारित रेट लिस्ट से अधिक थीं।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि पालकों पर पुस्तकें संबंधित दुकान से ही खरीदने का दबाव बनाया गया, जो कि पत्र क्रमांक मान्यता/2025/784, दिनांक 15 अप्रैल 2025 का स्पष्ट उल्लंघन है। यह कार्य निजी विद्यालय शुल्क अधिनियम 2017 के नियम 6(घ) के अंतर्गत दंडनीय है। कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा स्कूल संचालकों को 3 दिवस के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में उत्तर न देने की स्थिति में यह माना जाएगा कि संचालक अपनी गलती स्वीकार कर रहे हैं, और उस स्थिति में नियम 9 के तहत शास्ति अधिरोपित करने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर भिंड की इस त्वरित कार्यवाही से अभिभावकों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और शिक्षा माफियाओं की गतिविधियों पर भी अंकुश लगने की उम्मीद की जा रही है।

अभाविप ने मनाया स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 9 जुलाई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा भिंड में अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के 10वीं एवं 12वीं कक्षा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित मुरैना विभाग संगठन मंत्री रुस्तम लोधी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एबीवीपी की विचारधारा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद न केवल एक छात्र संगठन है, बल्कि यह एक सामाजिक, जन एवं शैक्षणिक संगठन भी है। यह संगठन विभिन्न रूपों में कार्य करता है लेकिन इसका मूल उद्देश्य केवल एक है राष्ट्र प्रथम। इसी विचारधारा के चलते एबीवीपी आज दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन बन चुका है। कार्यक्रम के दौरान मंच से विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं और समाज तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा व्यक्त की गई। समारोह का समापन 'वन्दे मातरम्' गीत के सामूहिक गायन से हुआ, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति की भावनाएं गूंज उठीं। इस अवसर पर नगर के शिक्षकों, अभिभावकों, एबीवीपी पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

पिढौरा में पहली बार हुआ 20 घंटे का अखण्ड रामायण पाठ

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 9 जुलाई। जिले के ग्राम पिढौरा के माता टेकरी मंदिर पर एक ऐतिहासिक और अत्यंत श्रद्धाभाव से परिपूर्ण धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ, जब पंडित दीनानाथ समाधिया ने निर्जल व्रत रखते हुए एक ही आसन पर बैठकर 20 घंटे में अखण्ड रामायण पाठ का संपूर्ण पाठ पूर्ण किया। यह आयोजन गांव में पहली बार हुआ, जिसने समस्त ग्रामवासियों को आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्साह से भर दिया।

पंडित दीनानाथ समाधिया के इस तपस्वी प्रयास के प्रति ग्रामवासियों में विशेष श्रद्धा देखने को मिली। पाठ के पूर्ण होते ही ग्रामवासियों ने उनका भव्य स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। पूरे आयोजन के दौरान गांव का वातावरण भक्तिमय और शांतिमय बना रहा। स्वागतकर्ताओं में रामजनकी मंदिर के पुजारी, अजय बरुआ, सत्यनारायण शर्मा, महेश समाधिया, शिवकुमार समाधिया, गोपाल समाधिया, देवेश शर्मा, शिवम् समाधिया, हरीदास जोशी, रिंकू समाधिया, अरविन्द समाधिया, कमलेश चौधरी, अशोक शर्मा, रामनरेश बरुआ, रामावतार मिश्रा, नरेंद्र समाधिया, सतेन्द्र शर्मा, वामदेव भदौरिया, किशनलाल सोनी सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक चेतना को जाग्रत किया, बल्कि गांव में सामूहिक एकता और आध्यात्मिक भावनाओं को भी सुदृढ़ किया।

उपस्थित लोगों ने पंडित दीनानाथ जी के इस कठिन संकल्प और अनुशासित साधना की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने का संकल्प लिया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने निकाली रैली

कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 9 जुलाई। शहर में बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपनी लंबित मांगों को लेकर सड़कों पर उतर आईं। उन्होंने सीटू (एकता यूनियन) के बैनर तले रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली का प्रारंभ पीडब्ल्यूडी ऑफिस से हुआ और यह परेड चौराहा, सदर बाजार, गोल मार्केट, बजरिया, किलागेट, जेल रोड होते हुए लहार चुंगी तक निकाली गई।

रैली में सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कर्मियों ने हिस्सा लिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर न्याय और सम्मान की गुहार लगाई।

ज्ञापन में यह मांगें रखीं : आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 32 हजार रुपए प्रतिमाह और सहायिकाओं को 26 हजार रपुए प्रतिमाह वेतन दिया जाए।- सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।- सेवा निवृत्ति पर 10 हजार रुपए मासिक पेंशन और अन्य लाभ प्रदान किए जाएं। केंद्रों पर बिजली-पानी की सुविधा सुनिश्चित की जाए। भवन किराया बढ़ाया जाए। रजिस्टर की उपलब्धता और बच्चों की वास्तविक संख्या दर्ज करने की अनुमति मिले। अतिरिक्त विभागीय कार्यों से मुक्ति और टीए/डीए भुगतान की व्यवस्था की जाए।

टेक होम राशन वितरण में ओटीपी सिस्टम पर जताई आपत्ति : कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में टेक होम राशन वितरण में लागू किए गए ओटीपी सिस्टम पर भी आपत्ति जताई।

उन्होंने बताया कि अधिकांश हितग्राहियों के पास मोबाइल और नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे वे पोषण आहार से वंचित हो सकते हैं।

बड़ी चेतावनी : मांगें नहीं मानी गईं तो करेंगे आंदोलन : आंगनबाड़ी संगठन की अध्यक्ष साधना सिंह ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने शीघ्र उनकी मांगों को नहीं माना तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से दोयम दर्जे का व्यवहार कर रहा है। वहीं, सीटू के जिला सचिव अनिल दोनेरिया ने कहा कि सरकार को न्यूनतम वेतनमान लागू करना चाहिए, ताकि ये कर्मचारी सम्मानजनक जीवन जी सकें।

श्रमिक संगठनों की भी सड़कों पर गूंज

सीटू के नेतृत्व में देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में श्रमिक संगठनों ने भी रैली निकाली। उन्होंने श्रम और किसान विरोधी नीतियों, बेरोजगारी, महंगाई, संविधान और लोकतंत्र पर हो रहे हमलों के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रमुख रूप से देवेंद्र सिंह चौहान, सूरज त्रिपाठी, डॉ. जितेंद्र दीक्षित, अयूब खान, सुरभि दुबे सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और श्रमिक इस रैली में शामिल रहे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया पौधरोपण

भिंड, 9 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं पर्यावरण अभियान के प्रदेश संयोजक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान के अंतर्गत कई कार्यक्रमों में भाग लिया और पार्टी कार्यकर्ताओं को पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने किला परिसर के पास स्थित भिंडी ऋषि मंदिर परिसर में पौधारोपण किया एवं कार्यकर्ताओं को अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को लक्ष्य के साथ पौधे लगाने होंगे, ताकि यह अभियान जन-आंदोलन बने और आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके। पीडब्ल्यूडी कॉलोनी स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक में चतुर्वेदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया।

हैवी वाहनों की एंट्री रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेड्स बने हादसे की वजह

सरसों तेल से लदा ट्रक टकराया, 125 पेटियां गिरीं

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 9 जुलाई। शहर में हैवी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेड्स एक बार फिर हादसे की वजह बन गए। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 2 से 3 बजे के बीच, लश्कर रोड से आ रहा सरसों तेल से भरा एक ट्रक बस स्टैंड के पास लगे लोहे के बैरिकेड से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक पर लदी करीब 125 पेटियां सड़क पर गिर गईं और सैकड़ों लीटर सरसों का तेल सड़कों पर फैल गया।

सूचना पर नगर पालिका की टीम ने पहुंचकर कई घंटे की मशक्कत के बाद सड़क को साफ कराया, लेकिन इस हादसे ने फिर यह सवाल खड़ा कर दिया कि क्या शहर में हैवी वाहनों की आवाजाही को रोकने के उपाय पर्याप्त और सुरक्षित हैं

हादसे का कारण टूटी व्यवस्था, लचर प्लानिंग : शहर में भारी वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए बस स्टैंड के पास बैरिकेड्स लगाए गए थे, जिनकी शुरुआत में ऊंचाई 12 फीट थी। मगर स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर पालिका ने ऊंचाई घटाकर 10 फीट कर दी थी और एक मजबूत लोहे का पाइप भी जोड़ दिया गया था। रविवार रात एक डंपर ने इस 10 फीट के पाइप को तोड़ दिया, जिससे बैरिकेड की ऊंचाई फिर 12 फीट हो गई। ऐसे में तेज रफ्तार ट्रक का आगे का हिस्सा तो निकल गया, लेकिन ऊंचाई अधिक होने के कारण ऊपर लदी पेटियां बैरिकेड्स से टकराकर नीचे गिर गईं।

प्रशासन की लापरवाही, खतरे को न्योता : स्थानीय लोगों ने बताया कि भिंड बायपास होते हुए भी भारी वाहन शहर के अंदर से गुजरते हैं। इन पर रोक लगाने के लिए कोई सख्त निगरानी नहीं है, न ही च्वैवी वाहन प्रवेश वर्जितज्के साइन बोर्ड शहर में कहीं दिखाई देते हैं। सुभाष तिराहे जैसे प्रमुख चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की स्थायी तैनाती भी नहीं है, जिससे ऐसे हादसे बार-बार हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया : सोनू शर्मा, स्थानीय निवासी ने कहा कि बैरिकेड्स की जगह ही गलत है। अगर इसे वायपास के और करीब लगाया जाए, तो भारी वाहन शहर में घुसने की बजाय वहीं से निकल जाएं। अब ट्रक अंदर आ जाता है और लौटने की जगह नहीं मिलती, जिससे हादसे हो रहे हैं।

पुलिस और ट्रैफिक विभाग की प्रतिक्रिया : ट्रैफिक थाना प्रभारी राघवेंद्र भार्गव ने बताया कि यह सच है कि बैरिकेड्स से ट्रक टकराया है। ये बार-बार टूटते हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं।

दो साल से फरार हर्ष फायरिंग का आरोपी दबोचा

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 9 जुलाई। पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं अनुविभागीय अधिकारी मेहगांव संजय कोच्छा के मार्गदर्शन में गोरमी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लगभग दो साल से फरार चल रहे एक हर्ष फायरिंग के आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मेहगांव में पेश किया।

गोरमी थाना प्रभारी ६?यानेंद्र सिंह यादव के मुताबिक 17 जून 2023 को फरियादी देवेंद्र शर्मा उर्फ सोनू निवासी मोहनपुरा, थाना गोरमी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि एक लगुन फलदान कार्यक्रम के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हर्ष फायरिंग की गई थी। इस घटना में एक गोली रामशरण शर्मा (मृतक) को दाहिने गाल में और एक गोली हर्ष नामक व्यक्ति को लगी थी। घायल रामशरण शर्मा को इलाज हेतु ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के आधार पर गोरमी थाने में अपराध क्रमांक 169/23 के तहत धारा 304, 308, 188, 34 आईपीसी के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। इस मामले में एक आरोपी को पूर्व में 25 जून 2023 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था, जबकि दूसरा आरोपी घटना के दिनांक से ही फरार चल रहा था।

एमपी ऑनलाइन सेंटर पर प्रशासन और पुलिस का छापा

सामान जप्त कर दुकान की सील, फर्जी तरीके से बना रहा था जाति प्रमाण पत्र

नवभारत न्यूज

मालनपुर, 9 जुलाई। मालनपुर कस्बे में संचालित आराध्या ऑनलाइन कंप्यूटर सेंटर पर बुधवार को गोहद प्रशासन ने पुलिस को साथ लेकर छापा डाला और दुकान में रखा सामान सील कर दिया और ऑनलाइन दुकान संचालक रामू कुशवाहा के भाई को पुलिस ने पकड़ लिया द्य जानकारी के अनुसार पवन कुमार झा ने मालनपुर पटवारी संजय शर्मा की सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कराई थी जिसमें उन्होंने उल्लेख किया था कि पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है लेकिन पटवारी ने दस्तावेजों की जांच की तो पता चला कि पवन कुमार झा यूपी के रहने वाले हैं पटवारी ने उनसे कहा कि आप यूपी के रहने वाले हो तो यहां से मैं जाति प्रमाण पत्र के आवेदन पर टीप नहीं लगा सकता।

इसी बात को लेकर एसडीएम पराग जैन ने शिकायतकर्ता पवन कुमार को गोहद कार्यालय बुलाया तो शिकायतकर्ता द्वारा दस्तावेज पेश किए गए उन दस्तावेजों में शिकायतकर्ता की लड़की के नाम से एक जाति प्रमाण पत्र लगाया गया था जिस पर पता मालनपुर का अंकित था और जारी करता अधिकारी जो कभी ग्वालियर रहे थे , जाति प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी कभी गोहद में रहे ही नहीं, एसडीएम ने जाति प्रमाण पत्र की जांच कराई तो वह फर्जी पाया गया तब उन्होंने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि यह जाति प्रमाण पत्र मैंने मालनपुर में संचालित आराध्या ऑनलाइन सेंटर से बनवाया है।

एसडीएम एसडीम ने तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव, पटवारी संजय शर्मा, पटवारी आदित्य कुशवाह एवं पंकज खलको की टीम बनाकर मौके पर भेजा टीम द्वारा पुलिस को सूचना दी गई पुलिस प्रशासन की टीम दुकान पर पहुंची तो दुकान संचालक का भाई लखन कुशवाहा दुकान पर बैठा हुआ था ,टीम को देखकर वह सक पका गया तभी टीम ने सामान को जप्त कर दुकान को सील कर दिया और दुकान पर बैठे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया द्य खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

सीईओ ने स्कूल के बच्चों से भोजन की जानकारी ली

दतिया, 9 जुलाई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल द्वारा आज सिरोल, झडिया में स्कूल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल के बच्चों से बात की एवं स्कूल में मिलने वाले भोजन मीनू की जानकारी भी ली। जिसमें बच्चों ने बताया कि प्रतिदिन अलग-अलग भोजन दिया जाता है। सीईओ जिला पंचायत श्री तेम्रवाल द्वारा झडिया में खाद्यान्न की दुकान का भी निरीक्षण किया।

आम सूचना

श्रीमती नीरू शर्मा पत्नी श्री रामलखन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भवन, स्थित मोहल्ला श्रीराम नगर, ग्राम भिण्ड, तहसील व जिला भिण्ड (म.प्र.) है जो नगर पालिका भिण्ड वार्ड क्र.39 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.19/2 एवं 61/2 ग्राम भिण्ड का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है-पूर्व में-गली 25 फुट चौड़ी, पश्चिम में-भूमि कोरी, उत्तर में-सम्पति दीगर एवं दक्षिण में भूखण्ड जयराम है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री बहादुर सिंह, श्री अभिलाख सिंह पुत्रगण श्री शिवदयाल, श्री हरप्रसाद, श्री जगदीश उर्फ महावीर पुत्रगण श्री फूल सहाय के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री हरप्रसाद जाटव द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती नीतू शर्मा पत्नी श्री सतेन्द्र शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी042902019ए 1640215 दिनांक 11.09.2019 से विक्रय की गई। श्रीमती नीतू शर्मा द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती नीरू शर्मा पत्नी श्री रामलखन को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी0429002045190599 4 दिनांक 15.07.2024 से विक्रय की गई। श्रीमती नीरू शर्मा द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान पिरामल कैपीटल एण्ड हाउसिंग फायनेंस लि. शाखा ग्वालियर (म.प्र.) के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

विवादित बयानों से आहत होकर हिन्दू समाज ने ज्ञापन सौंपा

दतिया, 9 जुलाई। साहिब सिंह गुर्जर कॉग्रेंस विधायक ग्वालियर ग्रामीण के विवादित बयान के विरूद्ध कार्यवाही करने हेत पुलिस अधीक्षक दतिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज के लोगों ने बताया कि ग्वालियर ग्रामीण कॉग्रेंस विधायक साहिब सिंह गुर्जर के द्वारा अशोक नगर में कॉग्रेंस के मंच से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि जो मर्द थे वों जंग में और जो हिजडे वों संघ में गये के विवादित बयान से आहत होकर हिन्दू समाज कड़ी आलोचना करता है व संविधान के अनुसार विवादित बयान प्रकरण दर्ज किया जाये।

सांदीपनि विद्यालय गोहद में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित

नवभारत न्यूज

गोहद, 9 जुलाई। मंशा के अनुरूप गुरु पूर्णिमा उत्सव का भव्य आयोजन संपन्न किया गया जिसमें विद्वानों के द्वारा गुरु महिमा गुरु एवं परमात्मा के पारस्परिक संबंध एवं श्रेष्ठतम गुरु के मार्गदर्शन के द्वारा परमात्मा के मिलन संबंधी महान विचारों के संदर्भ में गोहद नगर के प्रबुद्ध जन एवं मनीषओ द्वारा तर्क क्षमता पूर्ण प्रभाव पूर्ण शैली में अपने विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मां बागेश्वरी सरस्वती को माल्यार्पण एवं छात्राओं द्वारा मां बागेश्वरी को शब्द पुष्प अर्पित किए गए तदनंतर आमंत्रित अतिथियों एवं विद्वानों का पुष्पहार द्वारा स्वागत परिचय कराया गया उसके बाद प्रारंभ हुआ आमंत्रित विद्वानों का गुरु पूर्णिमा संबंधी प्रबोधन जिसमें गणित विषय के श्रेष्ठ विद्वान प्रख्यात समाजसेवी राकेश बिहारी शर्मा द्वारा वर्तमान संदर्भ में गुरु शिष्य संबंध की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए गए।

वरिष्ठ समाजसेवी भगवान दास महावर द्वारा गुरु गोविंद दोनों खड़े काके लागु पाए बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दिए बताएं के माध्यम से गुरु महिमा का मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया गया इसी बीच राठौर समाज के प्रख्यात विद्वान रामकिशन जी द्वारा राखी गुरु जो कॉप विधाता गुरु विरोध नहीं काहू त्राता के माध्यम से इस तथ्य का प्रस्तुतीकरण किया गया के कभी भी गुरु के मार्गदर्शन के विरोध में नहीं जाना चाहिए।

श्रेष्ठ जनों के विरोध पर संसार का परिवर्तन हो जाता है इसलिए गुरुजनों का मार्गदर्शन परम आवश्यक है इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्याम किशोर भारद्वाज द्वारा गुरु महिमा वर्तमान संदर्भ में शिक्षा की उपाध्यता शिक्षक के गुरु रूप का प्रकृति कारण और वर्तमान संदर्भ में समाज के मार्गदर्शन में हमारी आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए गए विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र चौहान द्वारा एकलव्य के समर्पण की महिमा का वर्णन करते हुए समस्त छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य पर चलने की प्रेरणा प्रदान की उप्राचार्य धर्मेंद्र भदोरिया द्वारा गुरु संदीपनी के आदर्श के आधार पर संदीपन विद्यालय की आधारशिला और संदीपनी विद्यालय कि भविष्य की योजनाओं के साथ-साथ बालक बालिकाओं के भविष्य के लिए प्रकाश पुंज के रूप में शिक्षकों के कर्तव्यों का निरूपण किया गया खंड स्त्रोत समन्वयक विजय शर्मा द्वारा वर्तमान शिक्षा की उपाध्यता और हम सबके कर्तव्य के माध्यम से बालक बालिकाओं के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए गए संकुल प्राचार्य सचिंद्र कंकर द्वारा वर्तमान शिक्षा पद्धति और प्राचीन शिक्षा पद्धति के समन्वय की आवश्यकता और प्राचीन गुरुकुल पद्धति को आधार बनाकर वर्तमान शिक्षा केदो के श्रेष्ठ बनने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय के प्रधानाचार्य आचार्य बृजमोहन शर्मा द्वारा परमात्मा की पूर्णता और उसमें से उत्पन्न संसार की पूर्णता की भांति गुरु की पूर्णता और अपने अर्जित शक्तिपुंज को अपने शिष्य विद्यार्थियों को समर्पित कर स्वयं प्रकाश पुंज बने रहने की महिमा का आख्यान प्रस्तुत किया कार्यक्रम का संचालन विद्वान शिक्षक चित्रकांत तिवारी द्वारा किया गया और अंत में आचार्य बृजमोहन शर्मा द्वारा आमंत्रित अतिथि गणों एवं समस्त श्रेष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक एवं समाज सेबी कैलाश नारायण उपाध्याय महेंद्र जॉर्ज विद्यालय परिवार के संपूर्ण सदस्य समाजसेवी डॉक्टर अनिल शर्मा विश्व हिंदू परिषद से डॉक्टर जागेश्वर भारद्वाज भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री आशीष शर्मा संचालक एवं समाजसेवी राकेश गौड पवन कुमार राजोरिया श्री राजकुमार जोशी जी मनोज कुमार थापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।